# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांकः 7925 / कु०का० / 2026 दिनांकः 19 / 01 / 2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक,
समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

**विषयः युवा महोत्सव के अर्न्तगत युवा तरंग कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय परिसर में **युवा महोत्सव** के अर्न्तगत **युवा–तरंग कार्यक्रम** का शुभारम्भ मा० कुलपति जी के आदेशानुसार किया जा रहा है; जिसके अर्न्तगत गायन, वादन, प्रश्नोत्तरी, एकांकी, कोलाज, नृत्य, वाद–विवाद प्रतियोगिता, रंगोली, आदि दिनांक 12 से 14 फरवरी, 2026 तक विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न कराया जाना है। उक्त के क्रम में सभी महाविद्यालयों को प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया जाना अनिवार्य रूप से अपेक्षित है। अन्तिम तिथि दिनांक 17 जनवरी, 2026 तक थी, जिसको मा० कुलपति जी के निर्देशानुसार **24 जनवरी, 2026** तक विस्तारित किया जाता है। समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय अपने स्तर पर प्रतियोगिता सम्पन्न कराकर चयनित विजेताओं की सूचना गूगल लिंक के माध्यम से, विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे और निर्धारित तिथियों में विश्वविद्यालय स्तर पर उनका प्रतिभाग कराना सुनिश्चत करायेंगे। सम्बन्धित गूगल लिंक, विस्तृत सूचनाएं आदि विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड है।

कृपया उपर्युक्त से अवगत होकर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति को, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / सहायक कुलसचिव।
3. प्रो० वन्दना पाण्डेय, संयोजक, युवा तरंग, सर्वोदय पी०जी० कॉलेज, घोसी–मऊ।
4. प्रो० अरूण कुमार सिंह, सह–संयोजक, युवा तरंग, डी०ए०वी० पी०जी० कालेज, आजमगढ़।
5. मीडिया प्रभारी।
6. समस्त सदस्य युवा तरंग / सम्बन्धित पत्रावली।
7. एजेंसी को इस आश्य से कि वेबसाइट पर अपलोड़ कराना सुनिश्चत करें।
8. गार्ड फाइल।

कुलसचिव